जयसिंह अग्रवाल
पूर्व मंत्री
छ.ग. शासन

''स्वर्ण सिटी''
वार्ड क्रमांक 01, दर्री रोड, कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.) 495677
फोन नं. 94252-24712

पत्र क्र. KRB/Res./2026-27/089 दिनांक : 11/04/2026

प्रति,
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (CMD),
साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL),
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

विषय: कोरबा जिले के SECL खदान क्षेत्रों में स्थानीय एवं अनुभवी ड्राइवरों को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान किए जाने बाबत।

अवगत कराना चाहता है कि जिला कोरबा अंतर्गत SECL के विभिन्न खदान क्षेत्रों–कुसमुंडा, गेवरा, मानिकपुर कोरबा, दीपका आदि–में वर्तमान समय में अनेक निजी कंपनियों द्वारा खनन कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा निकट भविष्य में अन्य कंपनियों के भी कार्य प्रारंभ करने की संभावना है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ, जिला कोरबा द्वारा मुझे एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसमें लगभग 500 स्थानीय एवं अनुभवी ड्राइवरों को रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। ये सभी वाहन चालक वर्षों से खनन कार्य से जुड़े रहे हैं तथा क्षेत्रीय परिस्थितियों एवं कार्य प्रणाली का पर्याप्त अनुभव रखते हैं।

अतः उपर्युक्त लगभग 500 वाहन चालकों के परिवारों के समक्ष उत्पन्न हुयी विषम परिस्थितियों से राहत पहुँचाने की दृष्टि से आपसे अपेक्षा है कि–

1. खनन कार्य में संलग्न नई एवं वर्तमान कंपनियों द्वारा ड्राइवरों की नियुक्ति के दौरान स्थानीय एवं अनुभवी ड्राइवरों को **प्राथमिकता** प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

Scanned with OKEN Scanner

जयसिंह अग्रवाल
पूर्व मंत्री
छ.ग. शासन

''स्वर्ण सिटी''
वार्ड क्रमांक 01, दर्री रोड, कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.) 495677
फोन नं. 94252-24712

पत्र क्र. .... दिनांक : ....

2. SECL के अंतर्गत कोरबा जिले के समस्त खदान क्षेत्रों के महाप्रबंधकों को इस संबंध में निर्देशित किया जाए, जिससे स्थानीय व् पुराने अनुभवी ड्राइवरों को समुचित अवसर प्राप्त हो सके और उनकी भी आजीविका सुचारू ढंग से चलती रहे ।
3. नए ड्राइवरों की नियुक्ति के साथ-साथ पूर्व से कार्यरत एवं अनुभवी ड्राइवरों को भी विभिन्न कंपनियों में समायोजित करने की सकारात्मक व्यवस्था सुनिश्चित करवाने का कष्ट करें।

उक्त विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें एवं संबंधित परिवारों को लाभ मिल सके।

धन्यवाद।

जयसिंह अग्रवाल

जयसिंह अग्रवाल

संलग्न: वाहन चालकों का अभ्यावेदन

प्रतिलिपि:
कलेक्टर,
जिला - कोरबा (छत्तीसगढ़)

Scanned with OKEN Scanner